कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्रीमती योगिता जैन व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि नायला, जयपुर का स्थानांतरण राउमावि सिंगारा,किशनगढ, अजमेर किया गया। श्रीमती योगिता जैन ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 59/2020 श्रीमती योगिता जैन बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 59/2020 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 16.01.2020 द्वारा अपीलार्थी श्रीमती योगिता जैन को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए 5 रिक्त पद दर्शाते हुए 15 दिवस में एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश **(REASONED SPEAKING ORDER)** द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने पर निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्रीमती योगिता जैन द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के मातृत्व अवकाश के दौरान स्थानांतरण करने, 6 माह बेटी की देखभाल करने,पति के जयपुर में पदस्थापित होने तथा वृद्व सास–ससुर के देखभाल की जिम्मेदारी होने के आधार पर अपना समायोजन राउमावि ढ़ाणी बोराज,दूदू, जयपुर/राउमावि काबलेश्वर,दौसा/पाउड़ेरा, चौथ का बरवाड़ा,सवाईमाधोपुर/राउमावि वार्ड नं. 1 महापुरा, चौथ का बरवाड़ा,सवाईमाधोपुर परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी श्रीमती योगिता जैन द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का गहनता से परीक्षण व मनन किया गया। अपीलार्थी के मातृत्व अवकाश के दौरान स्थानांतरण होने एवं प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि ढ़ाणी बोराज दूदू, जयपुर (218821) व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–20/25 दिनांकः– 20/02/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1.संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2.संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा.............................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ।
4.जि.शि.अ. (माध्य–विधि) ....।
5.विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8.गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर